भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 625
गुरूवार, 24 जुलाई, 2025/2 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में तटीय पर्यटन सर्किट

625 श्री मस्तान राव यादव बीडा:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में तटीय पर्यटन सर्किट के लिए प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यशील सरकारी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश के तटीय पर्यटन सर्किट के हिस्से के रूप में पहचाने गए हॉटस्पॉट और पिछले पांच वर्षों में उनके विकास का ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में तटीय पर्यटन सर्किट के विकास के लिए पिछले पांच वर्षों में आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में तटीय पर्यटन सर्किट के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई अभियान चलाया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', ‘स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को धन की उपलब्धता, योजना के दिशानिर्देशों के अनुपालन और राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति के अध्यधीन उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने ‘पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)’ नामक अपनी पहल के तहत पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय अपने सतत संवर्धनात्मक कार्यकलापों के तहत, सोशल मीडिया, प्रचार संबंधी वेबसाइटों, कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का नियमित रूप से संवर्धन करता है।

*****

अनुबंध

श्री मस्तान राव यादव बीडा द्वारा आंध्र प्रदेश में तटीय पर्यटन सर्किट के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 625 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत**	**उपयोग की गई राशि**
1.	तटीय परिपथ 2014-15	काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अदुरू - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास	67.83	67.83
2.	तटीय परिपथ 2015-16	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलामादुगु जलप्रपात - नेलापट्टू - कोथाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55	49.55
3.	बौद्ध परिपथ 2017-18	बौद्ध परिपथ: शालिहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनाकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास	35.24	30.02

आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत लागत**	**राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**
1.	2024-25	बापतला	सूर्यलंका बीच अनुभव का विकास	97.52	9.75
2.	2023-24	अराकू-लम्बासिंगी	अराकू में बोर्रा गुफ़ा का अनुभव	29.87	2.99

आंध्र प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत**	**राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**
1.	2024-25	अहोबिलम-एक आध्यात्मिक यात्रा	25.00	2.50

2.	2024-25	नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन	25.00	2.50

आंध्र प्रदेश राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत	उपयोग के लिए जारी की गई राशि
1.	2024-25	गांडीकोटा में किले और गॉर्ज एक्सपीरियंस को समृद्ध बनाना	77.91	113.75
2.	2024-25	राजमहेंद्रवरम में, अखंड गोदावरी - (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट)	94.44	

आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत लागत	उपयोग की गई राशि
1.	गुंटूर जिले के अमरावती शहर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास	2015-16	27.77	27.77
2.	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08	43.08
3.	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वरी देवस्थानम	2022-23	54.04	13.69
4.	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास	2024-25	25.33	0.00

*****